संक्षिप्त

## आवारा गौवंश को गौशाला में छोड़ने को लेकर एसएचओ को सौंपा ज्ञापन

**कोटपूतली,** (निसं)। निराश्रित आवारा गौवंश को गौशाला में छोडने को लेकर श्री जगन्नाथ गौशाला समिति अध्यक्ष/सचिव ने सरूण्ड एसएचओ को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि जो गौवंश आवारा या गैर कानूनी तरीके से या गलत मंषा से गौ तस्करों द्वारा यहाँ से बाहर ले जाये जाते है, जिनको पुलिस या गौरक्षकों द्वारा पकडा जाता हैं उन गौवंश को श्री जगन्नाथ गौशाला पुरुषोत्तमपुरा में छोड़ सकते हैं, यह गौशाला ऐसी अनाथ गौवंशां की सेवा के लिये सदैव तत्पर हैं। इस दौरान सरूण्ड थाने के शंकर सिंह सिंधु, पूरण दीवान, सीएम मित्तल, शशि मित्तल एवं थाने का स्टॉफ मौजूद रहा।

## जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**जयपुर,** (निसं)। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) तथा नेशनल स्टूडेन्ट यूनियन ऑफ इण्डिया (एनएसयूआई) ने जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) अलवर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राजकीय माध्यमिक विद्यालय तुलेडा मे पदस्थापित शिक्षिका वसुन्धरा चौधरी के खिलाफ भ्रष्टाचार एवं फर्जीवाड़े तथा राजकोष को हानि पहुंचाने के आरोपों की निष्पक्ष जांच हेतु आरोपी वसुंधरा चौधरी को तुरंत निलंबित कर विभागीय एवं कानूनी कार्यवाही की मांग की। ग्यातव्य है कि वसुंधरा चौधरी को 16 सीसी का नोटिस देते हुए आरोप पत्र जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) स्वयं दे चुके हैं। वसुंधरा चौधरी को राजनेताओ तथा बडे अधिकारियों के दबाव में बचाया जा रहा है। वसुंधरा चौधरी के खिलाफ अन्य कई मुकदमे दर्ज है। हमारी मांग है कि आरोपी को तुरंत निलम्बित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए अन्यथा उठा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में एडवा की जिला सचिव अनीता, प्रांतीय कोषाध्यक्ष रईसा, एनएसयूआई के प्रदेश संयुक्त सचिव विनोद जाटव, करण सोनवाल, इरफान कजोता, मोइन खान, आदिल खान सहित अनेक साथी शामिल रहे।

## मांशी बांध में मिला युवक का शव

**टोंक,** (निसं)। निवा उपखंड में भगवान देवनारायण मंदिर ट्रस्ट के पीछे स्थित मांशी बांध में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फेल गई। सूचना के बाद निवा सदर थाना प्रभारी राजेंद्र प्रसाद मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेकर निवा उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। थाना प्रभारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मृतक की पहचान उसकी जेब से मिले दस्तावेजों के आधार दिनेश गुर्जर पुत्र स्व. राजूलाल गुर्जर उम्र 36 साल निवासी खेलनिया उनियारा की हुई है, बाद में पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर बुलाया, जहां मृतक के छोटे भाई बंशी गुर्जर ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की। मृतक के भाई बंशी गुर्जर ने पुलिस को बताया कि दिनेश पिछले कुछ दिनों से बीमार था और मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहा था। वह पिछले सात दिनों से भगवान देवनारायण जोधपुरिया मंदिर परिसर में ही रह रहा था। पुलिस ने मृतक के भा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## कृषि महाविद्यालय को माचाड़ी में ही रखने की मांग

**अलवर,** (निसं)। राजगढ़ क्षेत्र के समीपवर्ती माचाड़ी कस्बे में स्वीकृत कृषि महाविद्यालय को यथावत माचाड़ी में ही रखने की मांग को लेकर शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन हुआ। माचाड़ी संघर्ष समिति के बैनर तले कस्बे का बाजार पूर्णतया शांतिपूर्ण रूप से बंद रखा गया। इसके बाद ग्रामीणों ने जुलूस निकालकर अपनी नाराजगी जाहिर की और रैणी चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति से जुड़े विश्वेन्द्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 में माचाड़ी के लिए कृषि महाविद्यालय स्वीकृत किया गया था, लेकिन राजनीतिक कारणों से इसे माचाड़ी से हटाकर रैणी क्षेत्र के हातोज गांव में स्थानांतरित कर दिया गया। इस निर्णय से माचाड़ी सहित आसपास के गांवों में रोष व्याप्त है।

## प्रिया गौत्तम बनी पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति की जिलाध्यक्ष

**टोंक,** (निसं)। पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुमित कुमार बैरवा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद वर्मा व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनीष मल्होत्रा की सहमति से निवा उपखण्ड की पत्रकार प्रिया गौत्तम अरनिया को पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति पत्रकार संघ का टोंक जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रिया गौत्तम को टोंक जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति होने पर जिला व प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकारों व उनके शुभचिंतकों ने बधा यां देकर खुशियां व्यक्त की है।

# अलवर प्रवास के दौरान केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने आमजन से किया संवाद

**अलवर,** (निसं)। केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अलवर प्रवास के दौरान प्रातः भ्रमण नमो वन बायोडावर्सिटी पार्क में किया, इस दौरान सैर पर आये लोगों से उन्होंने जिले के विकास पर संवाद किया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यादव ने भ्रमण कर रहे लोगों से संवाद के दौरान उन्होंने नव वर्ष की शुभकामनायें देकर अलवर की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि अलवर का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करते हुए अलवर जिले के आधारभूत ढांचे की मजबूती की दिशा में भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे से बड़ौदा में पनियाला 6 लाइन हाईवे को जोड़ा गया है, जिससे जिले में बेहतर रोड कनेक्टिविटी के साथ आमजन को समय की बचत होगी। साथ ही उन्होंने बताया कि केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय



भूपेंद्र यादव ने नमो वन बायोडावर्सिटी पार्क में प्रातः भ्रमण के दौरान आमजन से किया संवाद।

राजमार्ग -921 के महवा- मंडावर- राजगढ़ क्षेत्र को पेव्ड शोल्डर के साथ फोर लेन बनाने हेतु 862.22 करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी की गई है, इस परियोजना से महवा बाईपास के पास राष्ट्रीय राजमार्ग -921 के जंक्शन से कोठी नारायणपुर के पास राज्य राजमार्ग -25 तक कार्य होगा। उन्होंने बताया कि रोड कनेक्टिविटी के साथ-साथ जिले में रेलवे के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं, जिसके तहत रेलवे स्टेशन के नए भवन निर्माण कार्य का जल्द शिलान्यास किया जाएगा।

केंद्रीय वन मंत्री यादव ने बताया कि जिले में खेल संस्कृति को विकसित करने के लिए खेल सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी विशेष फोकस किया जा रहा है, जिसके तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर की अलवर टाइगर मैराथन का आयोजन 8 फरवरी 2026 को किया जाएगा। वहीं खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए गौरी देवी महाविद्यालय में बैडमिंटन कोर्ट बनाया

- **अंतरराष्ट्रीय स्तरीय अलवर टाइगर मैराथन का आयोजन 8 फरवरी कोः केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव**

जा रहा है तथा जिले एवं शाहजहांपुर में हॉकी खेल को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में राजीविका स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर महिला सशक्तिकरण का कार्य किया जा रहा है, वहीं पशुपालकों संबल प्रदान करने के लिए सरस डेयरी को सुदृढ़ करने की दिशा में 350 करोड़ रुपए की लागत से डेयरी में 5 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के नवीन दूध प्लांट का कार्य प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार कृषक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, इसी दिशा में जिले में प्याज के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए एफपीओ के माध्यम से जॉइंट प्रोग्राम तैयार किया जा रहा है।

## अभ्यर्थियों को 10 जनवरी तक कोचिंग संस्थाओं में देनी होगी उपस्थिति

**जयपुर,** (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनान्तर्गत सत्र 2025-26 के लिए जारी मुख्य मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों को 10 जनवरी, 2026 तक कोचिंग संस्थाओं में आवश्यक रूप से उपस्थिति देनी होगी। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनान्तर्गत सत्र 2025-26 के लिए जारी मुख्य मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों के लिए कोचिंग संस्थाओं में ज्वॉइनिंग की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थी की एसएसओ आईडी पर प्रदर्शित कोचिंग संस्थान के प्रदर्शित कोचिंग सेन्टर पर निर्धारित तिथि तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। मोदी ने बताया कि योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए सत्र 2025-26 हेतु विभाग द्वारा सूचीबद्ध कोचिंग संस्थाओं में निःशुल्क कोचिंग किये जाने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन प्राप्त

- **मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना की मैरिट सूची जारी हुई**
- **उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थी की एसएसओ आईडी पर प्रदर्शित कोचिंग संस्थान के प्रदर्शित कोचिंग सेन्टर पर निर्धारित तिथि तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं**

आवेदन पत्रों की सम्बधित विभागीय जिलाधिकारियों द्वारा जांच या सत्यापन उपरान्त अनुमोदित आवेदन पत्रों की प्रोविजनल मेरिट सूची जारी की गई थी। उन्होंने बताया कि सम्बधित अभ्यर्थी की एसएसओ आईडी पर उसको आवंटित कोचिंग सस्थान में ज्वॉईन करना चाहता है तो , अगर ज्वॉईन नहीं करना चाहता है तो , जो अभ्यर्थी अपग्रेड चाहते है वे अपग्रेड, यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई भी विकल्प का चयन नही किया जाता है तो उनकी कोचिंग संस्थान में ज्वॉइन करने की सहमति मानी गई है।

## गौ सेवा के लिए लगाए तिरपाल

**पावटा,** (निसं)। नगर क्षेत्र में गौवंश की सुरक्षा व ठंड से बचाव के लिए गोपाल भैया मंदिर के पीछे अस्थाई डंपिंग यार्ड से पहले घायल व निराश्रित गौवंश के लिए गौ सेवकों द्वारा लगाए गए तिरपाल व पाइपों की चोरी का मामला सामने आया है। बीती रात असामाजिक तत्वों ने गौवंश के लिए लगाए गए तिरपाल व पाइप चोरी कर लिए, जिससे पशुओं को कड़ाके की ठंड में खुले में रहने को मजबूर होना पड़ा। गौरक्षक नितेश शर्मा, प्रहलाद सैन सहित स्थानीय लोगों ने बताया कि जन सहयोग से घायल, बीमार, निराश्रित गौवंश के संरक्षण के उद्देश्य से तिरपाल व पाइप लगाए गए थे, लेकिन कुछ शरारती तत्व इन्हें चोरी कर ले जा रहे हैं। इससे न केवल गौसेवा के प्रयासों को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि लोगों की धार्मिक भावनाएं भी आहत हो रही हैं। इससे पहले भी इसी तरह की चोरिया हो चुकी है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रवासियों में आक्रोश फैल गया। सूचना पर पहुंची प्रागपुरा थाना पुलिस ने मौका मुवायना किया। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि ऐसे असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही गौवंश की सुरक्षा के लिए रात्रि गश्त बढ़ाने व सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी मांग की है। प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## सिक्किम के राज्यपाल का हुआ भव्य स्वागत



ओम माथुर का करौली दौरे के बाद जयपुर लौटते समय निवा विधानसभा क्षेत्र में उनका भव्य स्वागत किया गया।

**टोंक,** ( निसं )। सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर का करौली दौरे के बाद जयपुर लौटते समय निवा विधानसभा क्षेत्र में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान राज्यपाल का काफिला जैसे ही होटल पहुंचा, वहां पहले से मौजूद सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उनका माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व निवा विधायक रामसहाय वर्मा और भाजपा अरनिया मंडल अध्यक्ष शिवराज गुर्जर ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान ममता चौधरी, कजोड़, नंदलाल, शिवराज गुर्जर सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित थे। राज्यपाल ओम माथुर ने उपस्थित जनसमूह का हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि इस तरह का स्नेह और अपनापन जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं की ताकत होता है। कुछ समय रुकने के बाद राज्यपाल जयपुर के लिए रवाना हो गए।

- **राज्यपाल ओम माथुर ने कहा कि इस तरह का स्नेह और अपनापन जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं की ताकत होता है**

## टोंक में हत्या के मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार



जिला स्पेशल टीम और पीपलू थाना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**टोंक,** ( निसं )। पीपलू थाना क्षेत्र में 15 दिन पहले हुई युवक की हत्या के मामले में शुक्रवार को जिला स्पेशल टीम और पीपलू थाना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में अब तक कुल दस लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

पुलिस के अनुसार पीपलू थाना क्षेत्र के गहलोद स्थित चौराहे पर 17 दिसंबर को आरोपी हसीन खान और उसके साथियों ने पूर्व रंजिश के चलते लाठी, डंडों और सरियों से कालू उर्फ बाला जाट और मुकेश जाट पर जानलेवा हमला किया था, हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। इस दौरान हमले में कालू उर्फ बाला जाट और मुकेश जाट गंभीर रूप से घायल हो गए थे, दोनों के हाथ-पैर में फ्रैक्चर हुए थे। गंभीर रूप से घायल मुकेश जाट की 24 दिसंबर को जयपुर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। बाद में मामले में कार्यवाही करते हुए थाना पुलिस पीपलू व डीएसटी टीम ने आरोपी मोहम्मद अरबाज उम्र 26 साल, आसिफ खान लुहार (25), इमरान खान (39), नवेद खान उर्फ बॉक्सर (31), अब्दुल रहीम (28) और रामकुंवार गुर्जर (43) को गिरफ्तार किया है।

- **पीपलू थाना क्षेत्र में 15 दिन पहले हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामले में अब तक कुल दस लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है**

## अलवर में नो पार्किंग में खड़े वाहन जब्त, चालान भी काटे

**अलवर,** (निसं)। अलवर ट्रैफिक पुलिस ने आज शाम नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान करीब 30 वाहनों के चालान काटे गए और करीब 10 बाइक व स्कूटी जब्त की गई। ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई से पहले माइक से आवाज दी।

वाहन चालकों को चेताया कि ये गाडिय़ां किसकी है। जब कोई नहीं आया तो बाइक और स्कूटी ट्रैक्टर में डालकर थाने ले जाया गया। कार्रवाई शहर के कंपनी बाग के वंडर मॉल के पास सफेद लाइन के बाहर और नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर की गई।

यातायात प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि एसपी सुधीर चौधरी के निर्देश हैं कि अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों के कारण किसी भी व्यक्ति को परेशानी नहीं होनी चाहिए। वंडर मॉल क्षेत्र से लगातार शिकायत मिल रही थी। जहां नो पार्किंग में खड़े वाहनों के कारण ट्रैफिक पूरी तरह बाधित हो रहा था। आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि सुबह शिकायतों को देखते हुए करीब 30 वाहनों के चालान काटे गए। सुधार नहीं होने पर शाम को सख्त कार्रवाई करते हुए 10 वाहनों को जब्त कर यातायात थाने पहुंचाया गया।

- **कार्रवाई से पहले वाहन चालकों को चेताया,10 बाइक और स्कूटी को थाने लेकर गए**

# सावित्रीबाई फुले की जयंती के उपलक्ष में द्वितीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर कल

**शाहपुरा,** ( निसं )। जय फुले माली विकास जन सेवा समिति के तत्वावधान में सावित्री बाई फुले की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को कल नायन गांव में चौकी का बड के पास स्थित एस. डी. होटल में द्वितीय स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होगा।

शिविर की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष साधुराम सैनी ने बताया कि रविवार को सुबह 10 बजे से शाम को 4 बजे तक रक्तदान किया जायेगा। उन्होंने ने युवाओं से रक्तदान शिविर में बढ चढ कर हिस्सा लेने की अपील की है।

शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में जाकर लोगों से जन संपर्क किया



रविवार को होने वाले रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया।

- **रक्तदान को लेकर गांव-गांव ढाणी-ढाणी में किया जनसंपर्क, कल नायन में होगा विशाल रक्तदान शिविर**
- **रक्तदान शिविर में बढ़ -चढ़ कर हिस्सा ले युवा - साधुराम सैनी**

और लोगों को पम्पलेट बांटे।

नायन में महेश कुमार सैनी, पुरणमल ने प्रचार प्रसार किया। इसके अलावा धौनाता में बिरदी चन्द, बाबूलाल सैनी, सुभाष चन्द्र सैनी, अर्जुन लाल करीरी, नीतीश कुमार सैनी अमरसर, श्रीराम सैनी नाथवाला, शिभु दयाल नाथावाला, श्रवण कुमार सैनी साईवाड़, पंकज सैनी, मामराज सैनी नाथावाला, राम प्रताप सैनी, रामनारायण सैनी, जगदीश प्रसाद सैनी, राजू सैनी, सरदार मल सैनी, मनोहर लाल सैनी शाहपुरा, रामकरण माली मनोहरपुर, राधेश्याम सैनी, कृष्ण कुमार सैनी नवलपुरा, हनुमान सैनी, गजानंद सैनी, बजरंग लाल सैनी धवली, मंगलचंद सैनी, सीताराम सैनी जगतपुरा, अशोक कुमार सैनी मालियों की ढाणी नायन में घर-घर जाकर रक्तदान शिविर की जानकारी दी।

सार-समाचार

## प्रवक्ता डॉ. रामकरण यादव गाँधी नोबेल शांति पुरस्कार 2025 से सम्मानित



**कोटपूतली,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर निवासी प्रवक्ता डॉ. रामकरण यादव को शुक्रवार 02 जनवरी को शिमला में आयोजित 93 वीं टी सी प्रकाश जयंती समारोह में गाँधी पीस फाउण्डेशन नेपाल द्वारा गाँधी नोबेल शांति पुरूस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व ऊर्जा मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा शॉल, मैडल, प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। साथ ही प्रवक्ता यादव को टी सी प्रकाश राष्ट्रीय गौरव अवॉर्ड 2026 से भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिंघानिया विष्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनोज गर्ग ने की। कार्यक्रम में पूर्व ऊर्जा मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को भी गाँधी नोबेल शांति पुरूस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से प्रबुद्धजनों, अधिकारियों, न्यायिक अधिकारियों का आतिथ्य मिला। गाँधी नोबेल शांति पुरूस्कार प्राप्त डॉ. रामानंद शर्मा, गाँधी नोबेल शांति पुरूस्कार विजेता डॉ. ओ पी गुप्ता, मूर्तिकार मातूराम, बुहाना प्रधान हरकिशन यादव, हरिकिशन गोदारा, पार्षद शकुंतला यादव, एड. उमराव सिंह यादव, विरेन्द्र यादव, पूर्व समाज अध्यक्ष गिरधारी लाल गुरूजी, डॉ. आर आर यादव व क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## जरूरतमंद परिवारों के लिए विशाल निःशुल्क कंबल वितरण समारोह का होगा आयोजन

**पावटा,** (निसं)। क्षेत्र में बढ़ती ठंड को देखते हुए पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के 1100 गरीब, बेसहारा, असहाय, जरूरतमंद परिवारों की सहायता के उद्देश्य से 5 जनवरी सोमवार को प्रात 11 बजे रिलायंस पेट्रोल पंप जयपुर हाईवे लाडाकाबास में 11वाँ विशाल निःशुल्क कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत असहाय, वृद्ध, निर्धन व सड़क किनारे रहने वाले लोगों को कंबल वितरित किए जाएंगे, ताकि उन्हें सर्दी से राहत मिल सके। आयोजक धोला राम यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम सामाजिक सरोकार की भावना से प्रेरित होकर किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहेंगे। आयोजन के माध्यम से जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुण्य कार्य में सहभागिता निभाएं और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं।

## हुक्काबार में लिप्त तीन युवक गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीना के निर्देशन में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला स्पेशल टीम ने कार्यवाही करते हुए शहर में बीती रात कोतवाली थाना क्षेत्र के जखीरा कॉलोनी में एक मकान पर दबिश देकर अवैध रूप से संचालित हुक्का बार का पर्दाफाश किया है। कार्यवाही के दौरान मौके से हुक्के, मोबाइल फोन, म्यूजिक सिस्टम सहित अन्य सामग्री जब्त की ग तथा मौके से तीन युवकों को डिटेन किया गया है। जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित जखीरा कॉलोनी में एक मकान में अवैध संचालित हुक्का बार की मिली सूचना के बाद टीम ने गुरूवार देर रात दबिश देकर मौके से 10 हुक्के (फ्लेवर सहित), 2 खाली चिलम, 14 नलचियां, 8 फ्लेवर पैकेट, 4 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 1 पावर बैंक, 2 म्यूजिक सिस्टम, 1 कोकोनट कोयला पैकेट, एक स्कूटी तथा मौके पर मौजूद तीन युवक निहाज पुत्र शाकिर अली, निवासी जखीरा कॉलोनी (हुक्का संचालक) एवं रेहान पुत्र अशरफ व समीर पुत्र जाकिर को डिटेन कर उनके कब्जे से मिली सामग्री का जव्त किया गया। डीएसटी ने आरोपियों को कोतवाली थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।

## सांभर में करणी विहार के युवक की करंट से मौत

**सांभरझील,** (निसं)। यहां करणी विहार में रहने वाले एक युवक की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। करंट की चपेट में आने से उसका 8 वर्षीय भतीजा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि करणी विहार में रहने वाले लोगों की ओर से आज पोष बडा प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया था और वह युवक अपने खेत पर था। युवक के चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर मौजूद सभी लोग उस तरफ दौड़ पड़े। यहां के रहने वाले लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को बुलाया और इस युवक को अपनी मोटरसाइकिल से आवास तक लेकर आए। एंबुलेंस में उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर जाना था लेकिन रेलवे की कथित एक्सीडेंट फाटक करीब 20 मिनट बंद रही। फाटक खोलने के बाद जब अस्पताल लाया गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बताया गया कि मृतक कालू रेगर की उम्र 40 वर्ष से कम थी। जबकि उसका भतीजा जो की करीब आठ वर्ष का है को इलाज के लिए जयपुर रैफर कर दिया गया बताया।घटना की जानकारी जैसे ही समाज के लोगों को मिली तो मौके पर समाज के अध्यक्ष चौथमल दोतानिया व काफी संख्या में समाज के लोगों की पांच बत्ती चौराहे पर भीड़ एकत्रित हो गई और निगम के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। जानकारी में आया है कि जिस जगह हादसा हुआ वहां का कनिष्ठ अभियंता नारायना का लगता है और एईएन दूदू लगता है जबकि सांभर का भी कुछ हिस्सा बनता है। बता दें कि सांभर में पहले भी दो-तीन मोतै हाई टेंशन लाइन की चपेट में हो चुकी है। राष्ट्रदूत ने समय-समय पर झूलती हाईटेंशन लाइनों को कसने के लिए कई दफा निगम का ध्यान आकर्षित करवाया जा चुका है। लेकिन घोड़ा पर वही आज भी जारी है। समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी थी लेकिन मौके पर पुलिस बल मौजूद था।

## उप जिला चिकित्सालय के निमार्ण में मोदी का रहा अमूल्य योगदान : योगी

**शाहपुरा,** (निसं)। शाहपुरा शहर के श्री लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल राजकीय उप जिला चिकित्सालय में अमरसर निवासी स्वतंत्रता सेनानी तथा विराटनगर व कोटपूतली के पूर्व विधायक स्वर्गीय मुक्तिलाल मोदी की पुण्यतिथि पर चिकित्साकर्मियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान चिकित्साकर्मियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा ताम्रपत्र से सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व विधायक मोदी के द्वारा कराए गए विकास कार्य पर प्रकाश डालते हुए उन्हें याद किया। इस अवसर पर उप जिला चिकित्सालय प्रभारी पीएमओ डॉ विनोद योगी ने कहा कि मुक्तिलाल मोदी क्षेत्र में विकास के प्रणेता रहे है। शाहपुरा के श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय उप जिला चिकित्सालय के निर्माण में उनके द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान को कभी नहीं बुलाया जा सकता। उप जिला चिकित्सालय में महापुरुषों के साथ उनकी भी फोटो लगाई जाएगी। व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि पूर्व विधायक मोदी ने जमनालाल बजाज के साथ मिलकर सत्याग्रह में योगदान दिया। अंग्रेजों द्वारा दी गई काले पानी की सजा काटी। क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन अध्यक्ष कैलाश गोयल ने कहा कि पूर्व विधायक मोदी मृत्यु भोज,बाल विवाह,सती प्रथा व पर्दा प्रथा के उन्मूलन में उनका अभूतपूर्व योगदान रहा।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम व आँखों का निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर का होगा आयोजन

**कोटपूतली,** ( निसं )। निकटवर्ती ग्राम पुरूषोत्तमपुरा स्थित श्री जगन्नाथ गौषाला परिसर में ग्रामीणों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी आगामी 12 जनवरी को गौ सेवार्थ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में जयराम ठेकला एण्ड पार्टी, नौटंकी कलाकार पपली लखेरा पहाड़ी आदि अनेक कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी जायेगी। अध्यक्षता कप्तान सिंह राजपूत द्वारा की गई।